शनिवार 22 जून 2019
हिन्दुस्तान 25

खतराः नोएडा में भी मेट्रो लाइन के नीचे चल रहे अवैध बाजार

नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

दिल्ली के कालिंदी कुंज की तरह अगर नोएडा में भी मेट्रो लाइन के आसपास आगजनी हुई तो यहां बड़ा हादसा हो सकता है। कुछ जगह स्टेशन से सटकर मार्केट व बिजली का तारों का जाल फैला हुआ है। आग लगने पर बाहर निकलने के लिए भी ठीक रास्ते नहीं हैं। इन मार्केट में आग बुझाने के उपकरण भी नहीं हैं। इसके बावजूद डीएमआरसी व प्रशासन इस बड़ी लापरवाही की अनेदखी कर रहा है।

शहर में तीन मेट्रो लाइन गुजर रही है। ब्लू लाइन पर द्वारका से सेक्टर-63 इलेक्ट्रोनिक सिटी तक, मजेंटा लाइन पर सेक्टर-38ए बॉटनिकल गार्डन तक और एक्वा लाइन पर सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा डिपो तक मेट्रो चल रही है। द्वारका से सेक्टर-63 तक आ रही ब्लू लाइन पर कुछ जगह स्थिति काफी खतरनाक है। सेक्टर-15 नयाबांस के सामने मेट्रो लाइन के पास बिजली के तारों का जाल फैला हुआ है। यहां मार्केट भी ज्यादा दूर नहीं है। वहीं सेक्टर-18 मेट्रो लाइन के काफी नजदीक दोनों तरफ कई मंजिल मार्केट बनी हुई हैं। प्रवेश द्वार तक अस्थाई दुकानें व पार्किंग लगती है। ऐसे में हादसा होने पर लोग आसानी से अंदर-बाहर नहीं निकल पाएंगे। डीएमआरसी के प्रवक्ता का कहना है कि इस मामले में स्थानीय प्रशासन से सहयोग से उचित प्रबंध किए जाएंगे।

सेक्टर-18 मेट्रो लाइन के पास दोनों तरफ चार मंजिला मार्केट बनी हुई हैं, वहीं सेक्टर-15 नयाबांस के सामने मेट्रो लाइन के पास बिजली के तारों का जाल फैला हुआ है। • सलमान अली

सिटी सेंटर स्टेशन पर लगी थी आग

करीब छह महीने पहले सेक्टर-32 सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन पर एक दुकान में आग लग गई थी। इस दौरान स्टेशन पर सवारियों में हड़कंप भी मच गया था। इस कारण केबिल भी जल जाने पर ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन गेट कई घंटे तक खराब पड़े रहे थे हालांकि मेट्रो चलती रही थी।